# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| **The Savera Times** | **22.10.2024** | -- | -- |

# Training is necessary to know about rules and regulations: Prof. B.R. Kamboj

*Five-day training program on accounting launched in HK University*

@Thesaveratimes
Network

**Hisar:** A five-day program for training teachers and officers on accounting was inaugurated at the Directorate of Human Resource Management of Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University. On this occasion, the Vice Chancellor of the University, Prof. B.R. Kamboj was the chief guest. In his address, Vice Chancellor Prof. Kamboj said that knowledge increases by sharing and learning is a continuous process. For this, officers and employees are being trained to make them proficient in their field so that they can do their work in a better manner. So that the employees can work properly. He said that resources and technology always keep changing. Therefore, the employees should always remain updated towards their work by using their energy in a positive direction. Apart from facing the challenges in the field of work, they should also follow the rules and norms. It is very important to follow the rules and regulations. It is very important to get training to stay informed about the changes in rules and





Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj addressing the participants

regulations and to enhance the skill development of the employees. The participants can discuss the problems they face in their daily work with the speakers without any hesitation. Keep it and understand the resolution process. During the training program, lectures will be given by experienced speakers on various topics including general rules, right to information, legal procedure, travel allowance bill and Assured Career Progression (ACP). He said that these programmes should be organized from time to time so that all officers and employees of the university can adapt themselves according to the changing equations with time and remain aware of all the latest rules. Director of Human Resource Management Dr. Ramesh Yadav welcomed all the participants. He said that such trainings are organised from time to time in this directorate to enhance the knowledge of the university employees. Co-Director Dr. Renu Munjal said that training is conducted in the university from time to time. Detailed information was given about the program. Assistant Director Dr. Anurag passed the vote of thanks while the stage was conducted by Assistant Professor Dr. Kanika Rani. On this occasion, Deans, Directors, Officers, Teachers and Technical Staff of all the colleges were present. A five-day training program for teachers and officers on accounting was inaugurated at the Directorate of Human Resource Management at Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University. Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj, the chief guest, emphasized the importance of knowledge sharing and continuous learning.

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 22-10-25 | 5 | 1-5 |

# नियमों व विनियमन की जानकारी हेतु प्रशिक्षण ज़रूरी : प्रो. काम्बोज

## हकृवि में लेखा से संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ


हिसार, 21 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में शिक्षकों एवं अधिकारियों को लेखा से संबंधित प्रशिक्षण हेतु पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान बाटने से बढ़ता है और सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है। इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे अपने कार्य को और बेहतर ढंग से कर सकें। उन्होंने कहा कि संसाधन और तकनीक हमेशा बदलती रहती हैं। इसलिए कर्मचारियों को अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में प्रयोग करते हुए अपने कार्य के प्रति सदैव अपडेट रहना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ नियमों एवं निर्धारित मापदंडो का पालन करना बहुत जरूरी है। नियमों व विनियमन में होने वाले बदलावों की जानकारी प्राप्त करने एवं कर्मचारियों के कौशल विकास में बढ़ौतरी के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इन कार्यक्रमों का आयोजन होता रहना चाहिए ताकि समय के साथ बदलते समीकरणों के अनुसार विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने को ढाल सकें व सभी नवीनतम नियमों की जानकारी से जागरूक रह सकें। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव ने सब प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस निदेशालय में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित किए जाते है। सह निदेशक डॉ. रेणू मुंजाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहायक निदेशक डॉ. अनुराग ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जबकि मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. कनिका रानी ने किया। इस अवसर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 22-10-24 | 11 | 7-8 |



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए।

## नियमों एवं विनियमन की जानकारी के लिए प्रशिक्षण लेना आवश्यक : प्रो. काम्बोज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में शिक्षकों एवं अधिकारियों को लेखा से संबंधित प्रशिक्षण के लिए पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने सोमवार को अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान बाटने से बढ़ता है और सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है। इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे अपने कार्य को और बेहतर ढंग से कर सकें। उन्होंने कहा कि संसाधन और तकनीक हमेशा बदलती रहती हैं। इसलिए कर्मचारियों को अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में प्रयोग करते हुए अपने कार्य के प्रति सदैव अपडेट रहना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ नियमों एवं निर्धारित मापदंडो का पालन करना बहुत जरूरी है। नियमों व विनियमन में होने वाले बदलावों की जानकारी प्राप्त करने एवं कर्मचारियों के कौशल विकास में बढ़ोतरी के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना बहुत जरूरी है। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव ने सब प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस निदेशालय में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित किए जाते है। सह निदेशक डॉ. रेणू मुंजाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहायक निदेशक डॉ. अनुराग ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जबकि मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. कनिका रानी ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 22-10-24 | 2 | 6 |

## नियमों और विनियमन की जानकारी के लिए प्रशिक्षण जरूरी : प्रो. बीआर

जासं, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में शिक्षकों एवं अधिकारियों को लेखा से संबंधित प्रशिक्षण के लिए पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है और सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है।

उन्होंने कहा कि संसाधन और तकनीक हमेशा बदलती रहती हैं। इसलिए कर्मचारियों को अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में प्रयोग करते हुए अपने कार्य के प्रति सदैव अपडेट रहना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ नियमों एवं निर्धारित मापदंडों का पालन करना बहुत जरूरी है। नियमों व विनियमन में होने वाले बदलावों की जानकारी प्राप्त करने एवं कर्मचारियों के कौशल विकास में बढ़ोतरी के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना बहुत जरूरी है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 22-10-25 | 2 | 7-8 |

## सीखना निरंतर प्रक्रिया, निपुण बनें : प्रो. कांबोज

हिसार। चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में शिक्षकों एवं अधिकारियों को लेखा से संबंधित प्रशिक्षण के लिए पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है और सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है। इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे अपने कार्य को और बेहतर ढंग से कर सकें। उन्होंने कहा कि संसाधन और तकनीक हमेशा बदलती रहती है। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव ने बताया कि कर्मचारियों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए ऐसे प्रशिक्षण आयोजित किए जाते है। इस मौके पर डॉ. रेणु मुंजाल, डॉ. अनुराग ,डॉ. कनिका रानी मौजूद रहे। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
# लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 21.10.2024 | -- | -- |

## हकृवि में लेखा से संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# नियमों एवं विनियमन की जानकारी हेतु प्रशिक्षण जरूरी : प्रो. बी.आर. काम्बोज

चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार । हिसार- 21 अक्तुबर चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में शिक्षकों एवं अधिकारियों को लेखा से संबंधित प्रशिक्षण हेतु पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे।



कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान बाटने से बढ़ता है और सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है। इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे अपने कार्य को और बेहतर ढंग से कर सकें। उन्होंने कहा कि संसाधन और तकनीक हमेशा बदलती रहती हैं। इसलिए कर्मचारियों को अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में प्रयोग करते हुए अपने कार्य के प्रति सदैव अपडेट रहना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ नियमों एवं निर्धारित मापदंडो का पालन करना बहुत जरूरी है। नियमों व विनियमन में होने वाले बदलावों की जानकारी प्राप्त करने एवं कर्मचारियों के कौशल विकास में बढ़ोतरी के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना बहुत जरूरी है। प्रतिभागी अपने रोज के कार्यों में आने वाली समस्याओं को बिना संदेह के वक्ताओं के समक्ष रखें और समाधान की प्रक्रिया को समझ कर जाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सामान्य नियमों, सूचना का अधिकार, कानूनी प्रक्रिया, यात्रा भत्ता बिल तथा सुनिश्चित कैरियर प्रगति (एसीपी) सहित विभिन्न विषयों के बारे में अनुभवी वक्ताओं द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इन कार्यक्रमों का आयोजन होता रहना चाहिए ताकि समय के साथ बदलते समीकरणों के अनुसार विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने को ढाल सकें व सभी नवीनतम नियमों की जानकारी से जागरूक रह सकें।

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव ने सब प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस निदेशालय में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित किए जाते है। सह निदेशक डॉ. रेणू मुंजाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहायक निदेशक डॉ. अनुराग ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जबकि मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. कनिका रानी ने किया। इस अवसर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 22.10.2024 | --- | -- |

# 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 21 अक्तूबर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में शिक्षकों एवं अधिकारियों को लेखा से संबंधित प्रशिक्षण हेतु पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान बाटने से बढ़ता है और सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है। इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे अपने कार्य को और बेहतर ढंग से कर सकें। कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ नियमों एवं निर्धारित मापदंडो का पालन करना बहुत जरूरी है।

नियमों व विनियमन में होने वाले बदलावों की जानकारी प्राप्त करने एवं कर्मचारियों के कौशल विकास में बढ़ोतरी के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना बहुत जरूरी है। प्रतिभागी अपने रोज के कार्यों में आने वाली समस्याओं को बिना संदेह के वक्ताओं के समक्ष रखें और समाधान की प्रक्रिया को समझ कर जाएं। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डा. रमेश यादव ने सब प्रतिभागियों का स्वागत किया। सह निदेशक डॉ. रेणू मुंजाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहायक निदेशक डा. अनुराग ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जबकि मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक डा. कनिका रानी ने किया। इस अवसर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए।